बुधवार 09 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए 409 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च





### लोकसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू, कांग्रेस ने बोला हमला

# पीएम को सिर्फ अपनी छवि से लगाव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अविश्वास प्रस्ताव पर कल देंगे जवाब
- सदन में कांग्रेस नेता गौरव गोगोई बोले- यह अविश्वास प्रस्ताव संख्या को लेकर नहीं मणिपुर के इंसाफ के लिए है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो चुकी है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू की। इस चर्चा में राहुल गांधी भी शामिल हुए। तीन दिनों में करीब 18 घंटे तक सदन में चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देंगे। अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को शाम छह बजे तक चर्चा हुई और लोकसभा को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

बता दें कि अविश्वास प्रस्ताव पर संसद में तीन दिनों तक चर्चा होनी है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी भी 10 अगस्त को सदन में बोलेंगे। सदन में पार्टी के उप नेता गौरव गोगोई ने लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को चर्चा के लिए रखते हुए यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा क्यों नहीं किया और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को पद पर क्यों बनाए रखा? उन्होंने दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मौन रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें सिर्फ अपनी छवि से लगाव है और वह अपनी सरकार, गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की विफलताओं को सामने नहीं आने देना चाहते। कांग्रेस सांसद का कहना था, यह हमारी मजबूरी है कि हमें यह अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा है। यह संख्या को लेकर नहीं है, बल्कि मणिपुर के इंसाफ के लिए है।

गोगोई ने कहा, हमारी मांग थी कि देश के मुखिया होने के नाते प्रधानमंत्री सदन में बयान दें और यहां से सदेश दिया जाए कि दुख की घड़ी में हम मणिपुर के लोगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने मौन व्रत लिया। इसलिए हम यह अविश्वास प्रस्ताव लाए क्योंकि हम प्रधानमंत्री का मौन व्रत तोड़ना चाहते हैं।

**मनीष तिवारी ने उठाए चीन, कोविड और अनुच्छेद 370 के मुद्दे:** कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी ने कहा कि किसी भी सरकार का मूल्यांकन पांच बिंदुओं- आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, संस्थाओं की स्वायत्तता, कूटनीतिक रिश्ते और सांप्रदायिक सद्भाव पर किया जाता है, लेकिन इन पांचों बिंदुओं पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। तिवारी ने कहा कि मणिपुर की सीमा म्यामां जैसे देश से लगती है जिसके सैन्य शासन के चीन के साथ रिश्ते जगजाहिर हैं। उनका कहना था कि मणिपुर या उत्तर पूर्व के किसी राज्य में सामाजिक उथल पुथल होती है तो उसका असर केवल उस राज्य पर नहीं बल्कि पूरे उत्तर पूर्व पर और देश की सुरक्षा पर पड़ता है। उन्होंने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधान हटाये जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रशासित प्रदेश के गठन को चार साल हो गये हैं, लेकिन अभी तक चुनाव नहीं कराये गये हैं।



### खुद अविश्वास से भरा हुआ है इंडिया अलांयस: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया खुद अविश्वास से भरा हुआ है इसलिए अपने घटक दलों के विश्वास को परखने के लिए वह उनके नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। प्रधानमंत्री ने भाजपा के संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन को 'घमंडिया' करार दिया और दिल्ली सेवा विधेयक पर मतदान में सेमीफाइनल' जीत के लिए पार्टी के राज्यसभा सदस्यों को बधाई दी।

## आप का दावा, कांग्रेस से मिलकर लड़ेंगे 2024 का लोकसभा चुनाव

**अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी के गुजरात इकाई के अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। गढ़वी ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर सत्तारूढ़ बीजेपी के खिलाफ 2024 का चुनाव लड़ेगी। हालांकि ईशुदान गढ़वी के ऐलान पर गुजरात कांग्रेस नेता ने ऐसी बातों से इनकार कर दिया है। कांग्रेस ने कहा कि उसे इस मामले में कोई जानकारी नहीं है।

आप नेता ने अहमदाबाद में कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और उनकी पार्टी का यह अलायंस गुजरात में भी लागू होता है। उन्होने कहा, कांग्रेस और आप पार्टी आगामी गुजरात आम चुनाव में सीटें शेयर करेगी। उन्होंने आगे कहा, 'हम दावे के साथ कह सकते हैं कि अगर हम सही तरह से सीटों का बंटवारा करते हैं तो इस बार गुजरात में बीजेपी 26 में से 26 सीटें नहीं जीत सकेगी। कहा कि इंडिया गठबंधन बीजेपी के लिए खतरा है जिससे हमें इस बात को लेकर जागरूक रहना होगा कि हमारा अलायंस उसे मात दे सकता है।

## गुजरात से शुरू होगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा

### महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने किया दावा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी जल्द ही बहुचर्चित भारत जोड़ो यात्रा का अपना दूसरा चरण शुरू करने वाले हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने दावा करते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से शुरू होकर पूर्वोत्तर राज्य मेघालय तक चलेगा। पटोले ने कहा कि पदयात्रा के बाद हम लोग पूरे महाराष्ट्र में बस यात्रा की शुरूआत करेंगे। बस यात्रा में वे राज्यभर में घूमेंगे, सभाएं करेंगे और लोगों से बात करेंगे। इस दौरान सभी नेता केंद्र और राज्य सरकार की खामियां लोगों तक पहुंचाएंगे। इससे महाराष्ट्र में आने वाले समय में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

पिछले साल राहुल गांधी ने सितंबर में भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, जो कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की थी। कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा को काफी सफल माना था। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा जिन इलाकों से निकली वहां कांग्रेस ने



हाल ही में हुए विधानसभा में जीत हासिल की थी और कांग्रेस तो दावा कर रही है कि इस यात्रा के बाद से लोगों के मन में राहुल की छवि बदली है। भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण में राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किमी पैदल चले थे, यह यात्रा करीब 130 दिनों तक चली थी। हालांकि राहुल गांधी कब दूसरी चरण शुरू करेंगे इसके बारे में कोई तारीख और रूट सामने नहीं आया है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार राहुल की भारत जोड़ो यात्रा ने कांग्रेस के कार्यकताओं को भाजपा से मुकाबला करने के लिए नई ऊर्जा दी है। वहीं अगले साल लोकसभा चुनाव भी होने में जिसको लेकर कांग्रेस इसका लाभ उठाना चाहेगी।

## 1000 करोड़ रु. के जमीन घोटाला मामले में इडी ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को भेजा समन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए समन भेजा। जमीन घोटाले के मामले में यह एक्शन लिया गया है। बता दें कि, सीएम सोरेन पर करीब 1000 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले का आरोप है। सोरेन के करीबी पंकज मिश्रा को ईडी पहले ही इस केस में गिरफ्तार कर चुकी है।

इससे पहले उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए 18 नवंबर 2022 को बुलाया गया था और लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी। इस मामले में अब तक 13 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल, न्यूक्लियस मॉल के मालिक और कारोबारी बिष्णु अग्रवाल का नाम भी शामिल है।

### क्या है पूरा मामला?

रांची में सेना के कब्जे वाली जमीन के सिलसिले में कर आयुक्त ने सरकार को रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कहा गया है कि फर्जी नाम और पते के आधार पर सेना की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया। रांची नगर निगम ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। 8 जुलाई साल 2022 को मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के घर पर छापेमारी की गई थी। इसमें ईडी को सीएम हेमंत सोरेन के बैंक खाते से जुड़ा चेक बुक मिली थी। इसी के बाद हेमंत सोरेन का नाम इस केस से जोड़ा गया। अब ईडी ने उन्हें 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है।

## राजस्थान में छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने वालों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

**एजेंसी/जयपुर**

राजस्थान में लड़कियों से छेड़छाड, दुष्कर्म और दुष्कर्म का प्रयास करने वालों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। ऐसा करने वालों के चरित्र प्रमाण पर लिखा जाएगा कि ये छेड़छाड़ में शामिल रहा है। मंगलवार को सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

सीएम गहलोत ने ट्वीट कर बताया कि राज्य सरकार ने फैसला किया है कि बालिकाओं, महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास और दुष्कर्म करने वाले आरोपियों व मनचलों को सरकारी नौकरियों से प्रतिबंधित किया जाएगा। इसके लिए छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का भी पुलिस थानों में हिस्ट्रीशीटरों की तरह रिकॉर्ड रखा जाएगा। राज्य सरकार/ पुलिस की ओर से जारी किए जाने वाले इनके चरित्र प्रमाण पत्र पर यह अंकित किया जाएगा कि ये लोग छेड़छाड़ की घटनाओं में शामिल रहा है। सीएम ने कहा कि ऐसे असमाजिक तत्वों का सामाजिक बहिष्कार करना आवश्यक है।

## 5 सितंबर को देश के छह राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर होगा उपचुनाव, आठ को आएंगे नतीजे

- यूपी, प. बंगाल, केरल, झारखंड और उत्तराखंड की एक-एक सीट, त्रिपुरा की दो सीटें पर होगा चुनाव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश के छह राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर 5 सितंबर को उपचुनाव होगा। इसके परिणाम 8 सितंबर को आएंगे। इसमें यूपी, पश्चिम बंगाल, केरल, झारखंड और उत्तराखंड की एक-एक सीट और त्रिपुरा की दो सीटें हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि यूपी की घोसी, उत्तराखंड की बागेश्वर, बंगाल की धुपगुड़ी, झारखंड की डुमरी, केरल की पुथुपल्ली, त्रिपुरा की बॉक्सानगर और धनपुर सीट पर वोट डाले जाएंगे। इलेक्शन कमीशन के अनुसार डुमरी सीट पर उपचुनाव जगरनाथ महतो की मौत के कारण हो रहा है। केरल की पुथुपल्ली सीट पर इलेक्शन ओमान चांडी के निधन की वजह से जबकि उत्तराखंड की बागेश्वर सीट पर चुनाव चंदन कुमार दास की मौत और बंगाल की धुपगुड़ी सीट पर भी विष्णु पद रे के निधन के कारण चुनाव हो रहा है।

यूपी की घोसी सीट पर दारा सिंह चौहान के इस्तीफा देने की वजह से इलेक्शन हो रहे हैं। वहीं त्रिपुरा की धनपुर सीट पर प्रतिमा भौमिक के विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण चुनाव हो रहा है। इसके साथ ही त्रिपुरा की दूसरी विधानसभा सीट बॉक्सानगर पर इलेक्शन कराने का कारण सैमसुल हक की मौत है। चुनावी मैदान में उतरने वाले उम्मीदवार 17 अगस्त तक नामांकन पत्र भर सकते हैं। इसकी जांच 18 अगस्त को होगी। प्रत्याशी अपना नॉमिनेशन 21 अगस्त तक वापिस ले सकते हैं।



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

## भाजपा हमें जितनी गाली देगी हम उतना मजबूत होंगे: तेजस्वी

**पटना।** उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा है कि भाजपा के लोग लालू परिवार और राजद को जितनी गाली देंगे हम उतना ही मजबूत होंगे। तेजस्वी से मौजूदा संसद सत्र को लेकर पूछा गया था कि पार्लियामेंट में कोई भी डिबेट हो तो आपके परिवार को टारगेट किया जाता है। इस सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि पता नहीं ये लोग क्या बोलते रहते हैं। इससे कुछ लेना-देना है। आज वहां अविश्वास प्रस्ताव पर बात हो रही है लेकिन प्रधानमंत्री मणिपुर मामले को लेकर मौन हैं। उन्होंने कहा कि आज मणिपुर जलता है तो इसका मतलब है कि भारत जल रहा है। कैसे ये घटना हो रही है, नहीं हो रही है क्या कुछ कार्रवाई हो रही है प्रधानमंत्री को सामने आना चाहिए था। लेकिन वे मौन धारण किए हुए हैं। वहीं दूसरी ओर लालू यादव को निशाने पर लिया जाता है। हमें गलियां दी जाती हैं। जनता यह सब देख रही है। उनकी गालियों से हम और ज्यादा मजबूत होंगे। पीएम मोदी द्वारा इंडिया को घमंडी नाम देने पर तो तेजस्वी ने कहा कि देखिए क्या कुछ इन लोगों का संस्कार है।

दरअसल, संसद में भी अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भाजपा के निशिकांत दुबे ने राजद नेता लालू यादव को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा था कि लालू यादव के खिलाफ याचिकाकर्ता जदयू के ललन सिंह ही हैं जो आज राजद के साथ मिलकर बिहर में सरकार चला रहे हैं।

### सीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में नौ एजेंडों पर लगी मुहर

# औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए 409 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च

- सारण के गरखा व वैशाली के राघोपुर में आईटीआई की स्थापना को मंजूरी
- पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में साइंटिफिक ऑफिसर की होगी बहाली

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में कुल 9 एजेंडों पर मुहर लगी। बैठक में बिहार संग्रहालय को सब-वे द्वारा पटना संग्रहालय से जोड़ने की योजना के रिवाइज्ड एस्टिमेट को स्वीकृति दे दी गयी है। बैठक में सारण जिले के गरखा और वैशाली के राघोपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आईटीआई की स्थापना को स्वीकृति दी गई। इसमें कुल 86 पद सृजन पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस मद में 468 करोड रुपए के आवंटन को स्वीकृति दी गई है।

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में साइंटिफिक ऑफिसर की बहाली होगी। इसमें संविदा के आधार पर एक पद पर पदाधिकारी की नियुक्ति पर मुहर लगा दी गई है। बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना नियमावली 2008 में संशोधन के एजेंडे को पास कर दिया गया। इसके तहत दुर्घटना के कारण 180 दिन में यदि मृत्यु होती है तो संबंधित के स्वजन को दो लाख का अनुदान मिलेगा। पहले यह एक लाख रुपए थे। पूर्ण अपंगता पर एक लाख जो पहले 75 हजार थे आंशिक अपंगता में 50 हजार का अनुदान मिलेगा जो पहले 37500 रुपए था।

इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में 29 परियोजनाओं के लिए 409 करोड़ों का खर्च किए जाएंगे। इसमें प्रथम अनुपूरक के रूप में डेढ़ सौ करोड़ की निकासी और खर्च करने की स्वीकृति दी गई है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सामाजिक जागरूकता लाने और संस्थागत क्रियान्वयन हेतु जीविका को हस्तांतरित करने से संबंधित समझौता के प्रारूप को स्वीकृति मिल गई है।

बैठक में पटना शहर के कर्मलीचक जोन में विश्व बैंक की सहायता से एसटीपी लगाने का काम किया जाएगा। इस मद में 98 करोड की योजना को स्वीकृति मिली है। इसमें 62 करोड़ का केंद्रांश और 36 करोड़ का राज्यांश होगा। एएफपी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी हाजीपुर को 10000 एमटीपीए क्षमता के नमकीन उत्पादन के साथ 13000 क्षमता के कुरकुरे पोटैटो चिप्स उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए 38.61 करोड़ के पूंजी निवेश को मंजूरी मिल गई है।



पटना-बख्तियारपुर फोरलेन पथ निर्माण का उद्घाटन करते सीएम नीतीश कुमार।

## सीएम ने फोरलेन पथ के निर्माण का किया उद्घाटन

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना-बख्तियारपुर फोरलेन एनएच- 30 के 49वें किलोमीटर से चेरो नगरनौसा आरसीडी पथ के 5वें किलोमीटर छठी घाट तक पथ के निर्माण का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएमसीएच के डॉक्टर और नर्स गुंडा हैं: कांग्रेस विधायक

**पटना।** तेजस्वी यादव अपने स्थास्थ्य विभाग को सुधारने की लाख कोशिश कर लें। लेकिन उनका स्वास्थ्य विभाग सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस विधायक प्रतिमा कुमारी ने पीएमसीएच और एनएमसीएच के नर्स और डॉक्टरों पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेत्री ने कहा पीएमसीएच और एनएमसीएच के नर्स और डॉक्टर गुंडा है। आज हमने अपनी जनता की समस्या को लेकर पीएमसीएच का दौरा किया। तो पीएमसीएच में डॉक्टरों ने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया हमारे अंग रक्षकों के साथ दुर्व्यवहार किया। वहीं इस मामले में कांग्रस नेत्री ने तेजस्वी यादव से मुलाकात की।

तेजस्वी ने कांग्रेस नेत्री को आश्वासन दिया है कि इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस विधायक प्रतिमा सिंह ने आवेदन में कहा कि, मंगलवार लगभग 2 बजे मैं डॉ. महेशनी के यूनिट में ऑर्थोपेडिक्स वार्ड में भर्ती मेरे विधानसभा क्षेत्र के मरीज को देखने गयी थी। वहां दो व्यक्ति मुझसे सट कर गुजरने लगे। इस पर मेरे सुरक्षाकर्मी ने उन्हें थोड़ा हटकर जाने के लिये कहा। यह सुनते ही वे दोनों उत्तेजित हो गये और सुरक्षाकर्मी को बुरा भला कहने लगे। सुरक्षाकर्मी ने उन्हें बताया कि विधायक जी है इसलिये मैंने आपको कहा। इस पर वे लोग और उत्तेजित होकर कहने लगे कि विधायक हैं तो क्या हुआ, तुम पहचानते हो कि हम कौन हैं?

### एक नजर

## स्कूल की ड्यूटी पूरी करने के बाद शिक्षक करेंगे जाति आधारित गणना का कार्य

**पटना।** जाति आधारित गणना के लिए शिक्षक ओवर टाईम काम करेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने मंगलवार को इस संबंध में सभी डीएम को पत्र लिखा है। पत्र में शिक्षा विभाग के एसीएस ने निदेश दिया कि जाति आधारित जनगणना कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी विद्यालय अवधि के बाद लें। केके पाठक ने सभी जिला पदाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि जाति आधारित जनगणना से संबंधित कार्य लगभग पूर्ण हो गए हैं। अब डाटा एंट्री का कार्य शेष बचा हुआ है। ऐसे में उक्त डाटा एंट्री कार्य के लिए शिक्षकों की सेवा विद्यालय कार्य अवधि के बाद लेना उचित होगा। उन्होंने सभी डीएम से कहा है कि जनगणना के शेष काम के लिए शिक्षकों की सेवा विद्यालय अवधि के बाद लेने के लिए उचित कार्यवाही करें। अपर मुख्य सचिव केके पाठक को जब अहसास हुआ कि बिहार में जनगणना का काम नहीं हो रहा, बल्कि जाति आधारित गणना किया जा रहा है। इसके बाद लेटर संख्या- 1423 के माध्यम से दूसरा पत्र जारी किया। दूसरे पत्र में केके पाठक ने सभी डीएम से कहा कि पहले वाले पत्र में जाति आधारित जनगणना लिखा गया था। उसे जाति आधारित गणना पढ़ा जाय। यानि गणना की जगह जनगणना लिखा था। बता दें, सरकार जनगणना नहीं करा रही, बल्कि गणना करा रही है। जनगणना कराना केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। यही दलील राज्य सरकार ने कोर्ट में भी दी है।

## बिहार में मीटर का लोड बढ़ाने के लिए एक हफ्ते में 700 से अधिक लोगों ने किया आवेदन

**पटना।** बिहार में मीटर का लोड बढ़ाने के लिए एक हफ्ते में 700 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। डिस्कॉम कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं को मैसेज के माध्यम से लोड बढ़ाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में एक ही सप्ताह में करीब 700 से अधिक लोदों ने आवेदन दिया है। दरअसल, डिस्कॉम कंपनियों ने मीटर के स्वीकृत लोड से अधिक भार बढ़ने पर संबंधित उपभोक्ताओं को त्वरित सूचना देना शुरू कर दिया है। मैसेज मिलने के बाद उपभोक्ताओं ने लोड बढ़ाने का आवेदन बिजली कार्यालय में जमा करना शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि, विगत 2 अगस्त को उच्चस्तरीय बैठक में बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस ने डिस्कॉम कंपनियों को उपभोक्ताओं के स्वीकृत लोड से अधिक भार होने पर उन्हें सूचित करने का निर्देश दिया था। साथ ही उन्हें निर्देश दिया था कि अगले छह माह तक तय लोड से ज्यादा भार होने पर उपभोक्ताओं से फाइन नहीं लेना है।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services

A Revolutionary Initiative
Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Moments and Accolades




Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## खबरें फटाफट

### शराब के साथ धंधेबाज पकड़ाया

**कृष्णाब्रह्म।** अनुमंडल के कृष्णाब्रह्म पुलिस ने थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में छापेमारी कर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान अरियांव गांव का रहने वाला भरत यादव के पुत्र छोटेलाल यादव के रूप में हुई है। पुलिस इस धंधेबाज के ठिकाने से 41 पीस एट पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस की टीम शराब को जब्त कर आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की बड़ी खेप को खपाने की फिराक में जुटा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम वहां पहुंची और आरोपी को धर दबोचा। उसके निशानदेही पर पुलिस ने जब तलाशी ली तो एट पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### नशे में धुत नेवी के जवान ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा

**बक्सर।** यूपी से शराब पीकर आ रहे दो युवकों ने बक्सर गंगा चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग पुलिस के साथ जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने हंगामा कर रहे दोनों को कड़ी मस्कत के बाद हिरासत में ले लिया। वहीं मामले की जानकारी उत्पाद अधीक्षक को दी। सूचना मिलते ही वहां पहुंचे उत्पाद अधीक्षक ने दोनों का मेडिकल जांच कराया। इसमें दोनों को शराब पीने की पुष्टि के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों रोहतास जिले के बिक्रमगंज के रहने वाला हैं। जिसमें से एक युवक नेवी का जवान है। दोनों यूपी के बलिया जिले से शराब के नशे में धुत होकर बक्सर के रास्ते रोहतास जा रहे थे। गंगा पुल पर उत्पाद विभाग द्वारा जांच करने के दौरान शराब के नशे में पाए गए।

## नौ सूत्री मांगों को लेकर 28 दिनों से हड़ताल पर हैं आशा कार्यकर्ता

# आशा कार्यकर्ताओं ने थाली पीटकर किया प्रदर्शन, बोलीं- लड़ेंगे आर-पार की लड़ाई

**केटी न्यूज/बक्सर**

नौ सूत्री मांगों को लेकर आशाकर्मियों द्वारा शुरू की गई हड़ताल का 28 दिन बीत गया। पर उनकी मांगों का निर्णय अभी भी अधर में है। मंगलवार को नावानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी आशा कार्यकर्ता ने थाली पीटकर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग के समर्थन में सरकार विरोधी नारेबाजी की। साथ ही 16 माह पूर्व प्रदर्शन के बाद हड़ताल से वापस होने के बावजूद सरकार एवं विभाग की ओर से सुधि नहीं लिए जाने पर इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने की बात कही। प्रदर्शन कर रही प्रखंड स्तरीय आशा संघ की अध्यक्ष विमला देवी, प्रमिला कुमारी, अनीता कुमारी, संगीता कुमारी व कंचन कुमारी ने कहा कि 9 सूत्री मांगें पूर्ण नहीं होने तक ये हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बार बार सरकार उन्हें आश्वासन देकर बरगला रही है। कहा इस बार उनकी मांग पूरी होने तक वे किसी की भी झांसे में नहीं आने वाली है। मांग पूरी होने के बाद ही प्रदर्शन समाप्त किया जाएगा। थाली पीट प्रदर्शन में प्रखंड के सभी आशा कर्मी शामिल थी।



### ये हैं इनकी प्रमुख मांग

थाली पीटकर प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकताओं ने बताया कि उनकी नौ सूत्री मांग में मासिक मानदेय 10 हजार रुपए करने, पूर्व के बकाया राशि का भुगतान अविलंब करने, आशा फेसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ता के भुगतान में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं कमीशन खोरी पर पूर्ण रूप से रोक लगाने, स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी घोषित किए जाने समेत अन्य है।

### भूख हड़ताल पर रहीं कार्यकर्ता

**केसठ।** पीएचसी में आशा कार्यकताओं ने मंगलवार को थाली बजाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने भूख हड़ताल भी किया। उनका कहना है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी सरकार हम लोगों के साथ कोई वार्ता नहीं कर रही है। जबकि लगातार हमलोग अस्पताल में धरना दे रहे हैं। इसीलिए हमलोग आज भूख हड़ताल कर एवं थाली बजाकर सरकार को अपनी मांग मानने के लिए बाध्य करेंगे। आशा कुसुमलता ने बताया कि हम लोगों के हड़ताल पर चले जाने के कारण स्वास्थ्य विभाग का काम प्रभावित हो रहा है। लेकिन सरकार हम लोगों की मांग पर विचार नहीं कर रही है। हड़ताल होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वही आशा रिंकू देवी ने कहा कि टीकाकरण, प्रसूति इत्यादि में काफी कमी आई है, लेकिन उसके बाद भी सरकार हम लोगों से वार्ता करने के लिए तैयार नहीं है। इसलिए प्रतीत हो रहा है कि यह सरकार स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह है।हड़ताल के दौरान आशा कार्यकतार्यो ने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक हम लोग हड़ताल जारी रखेंगे।

### डुमरांव में भी आंदोलन

डुमरांव में भी आशा कार्यकताओं व आशा फैसिलिटेटरों ने मंगलवार को अपने आंदोलन के दौरान सरकार को कुंभकर्णी निद्रा से जगाने के लिए थाली पीटा तथा भूख हड़ताल किया। बता दें कि यह उनके हड़ताल का 28 वां दिन था। हड़ताली आशा कार्यकताओं ने थाली पीट अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया।

## डुमरांव में पुलिस ने तेज किया वाहन चेकिंग अभियान, खुद मैदान में उतरे एसडीपीओ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर डुमरांव पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 120 स्थित स्थानीय थाना तथा विष्णु मंदिर के समीप मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान दर्जनों वाहनों को जब्त कर पुलिस ने जुर्माना वसूला। अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी कर रहे थे। उनके साथ थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम भी मौजूद थे। पुलिस ने बताया विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर यह अभियान जारी रहेगा। पुलिस



यातायात नियमों के तहत वाहनों का परिचालन करने की हिदायत दे रही है। चेकिंग के दौरान अपराधी, शराब तस्कर, फरार वारंटियों पर पुलिस की विशेष नजर है। इसके अलावे वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के अलावे ट्रिपल लोडिंग पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। पुलिस के इस अभियान से सड़कों पर बैगेर कागजातों के चलने वाले वाहन चालकों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## खेवली में शौच के लिए घर से निकले युवक की तालाब में डूबने से मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुरार थाना क्षेत्र के खेवली गांव में तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक गांव के श्रीनिवास राय का 22 वर्षीय पुत्र कामेश्वर राय है। जानकारी के अनुसार वह मंगलवार की सुबह घर से शौच के लिए निकला था। लेकिन जब घंटा भर बाद भी वह नहीं लौटा तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा था। परिजन अभी उसकी खोजबीन ही कर रहे थे कि अचानक किसी की नजर गांव के पूरब स्थित तालाब में उपलाए शव पर पड़ी। ग्रामीणों की सूचना पर तालाब के पास पहुंचे मृतक के परिजन उसे देख दहाड़े मारकर रोने लगे। जाहिर है, शव कामेश्वर का ही था। ग्रामीणों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकाला गया तथा घटना की जानकारी मुरार पुलिस को दी गई।

सूत्रों की मानें तो युवक मिरगी का मरीज था। संभवतः तालाब के किनारे जाने पर अचानक दौरा आने से पानी में गिर गया होगा। हालांकि परिजनों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की जा रही है। वही मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में यूडी केस दर्ज किया जा रहा है।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस नजदीक आते ही तेज हुई तिरंगे की मांग, राष्ट्रध्वज तैयार करने में जुटे कारीगर



**डुमरांव।** स्वतंत्रता दिवस नजदीक आते ही राष्ट्र की आन बान व शान तथा आजादी के प्रतीक तिरंगे झंडे की डिमांड बाजार में बढ़ गई। लोग एक सप्ताह पहले से ही खरीददारी शुरू कर दिए हैं। इसे देखते हुए झंडा बनाने वाले कारीगरों की कवायदें बढ़ गई है। डुमरांव में सबसे अधिक मांग खादी के कपड़े वाले तिरंगे झंडे की रहती है। इस बार भी खादी के कपड़े से तिरंगा बनाने वाले करीगर एक महीना पहले से ही तैयारी शुरू कर दिए हैं। सुबह से लेकर देर रात तक खादी के तीनों रंग के कपड़ो को उसके साइज में काटने तथा सिलने की कवायदें चल रही है। वहीं इस बार एक परिवार भी है जिनके सभी सदस्य तिरंगे के निर्माण में लगे है। खास यह तिरंगा झंडा निर्माण का नेतृत्व परिवार की दो महिलाए सोनम खातून व अफसाना खातून कर रही हैं। इनके निर्देश पर परिवार के अन्य सदस्य भी निर्माण कार्य में लगे है। इस बार इनके बनाए झंडे की बाजार के दुकानदारों की बीच खासी मांग हो रही है। मांग अधिक होने से निर्माण काम भी तेजी से हो रहा है।

### डीएम ने बक्सर व डुमरांव अनुमंडल स्तरीय लाइब्रेरी संचालन के दिए निर्देश



**बक्सर।** मंगलवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तर पर लाइब्रेरी को सभी आवश्यक सुविधाओं से संपन्न करते हुए संचालन कराने के लिए बैठक आयोजित की गई। यह बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। इस बैठक में डीएम ने राज हाई स्कूल डुमरांव एवं एमपी हाई स्कूल बक्सर में लाइब्रेरी को आवश्यक सुविधाओं से संपन्न करते हुए राज हाई स्कूल डुमरांव के प्रधानाध्यापक, एमपी हाई स्कूल बक्सर के प्रधानाध्यापक, जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों लाइब्रेरियों को संचालन नियमित रूप से होना चाहिए। जिससे छात्रों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने दोनों प्रधानाध्यापकों व डीईओ से छात्रों में पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करने को कहा।




### जिला समन्वय समिति की बैठक में सहयोगी विभागों और संस्थानों के साथ किया गया विमर्श

# जिले में एमडीए के प्रचार प्रसार के लिए प्रखंड व पंचायत स्तर पर बनाएं व्हाट्सएप ग्रुप: एडीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिला में चलाया जाने वाला मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान की तिथियां बढ़ा दी गई हैं। लेकिन, अभियान शुरू होने पर किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो इसके लिए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निदेशार्नुसार जिला समन्वय समिति की बैठक बुलाई गई। जिसमें एडीएम महेंद्र पाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थानों के विभागाध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहें। बैठक में एमडीए को सफल बनाने के लिए गहन चर्चा की गई। जिसमें एडीएम ने कहा कि जिला स्तर पर उन्मुखीकरण के साथ-साथ प्रखंड व पंचायत स्तर तक सरकारी कर्मचारियों, सहयोगी संस्थानों और जनप्रतिनिधियों को भी प्रशिक्षण दें। प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति के सदस्य पंचायत और वार्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर फाइलेरिया और एमडीए की जानकारी पहुंचाएं। साथ ही, प्रखंड व पंचायत स्तर तक एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाएं, जिसमें फाइलेरिया और एमडीए अभियान से संबंधित जानकारी साझा की जा सके। जिसे जनप्रतिनिधियों को लोगों को जागरूक करने में सहूलियत हो सके। वहीं, ग्रामीण इलाकों के पंचायत सरकार भवनों में बैठक कर लोगों को फाइलेरिया के दुष्प्रभावों और एमडीए के दौरान खिलाई जाने वाली दवाओं की जानकारी दी जाए।

**फाइलेरिया की दवा का सेवन सभी लोगों के लिए लाभप्रद :** बैठक में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, फाइलेरिया एक गंभीर रोग है जिससे फाइलेरिया की दवा सेवन करने के बाद ही बचा जा सकता है। कभी-कभी फाइलेरिया के परजीवी शरीर में होने के बाद भी इसके लक्षण सामने आने में वर्षों लग जाता है। इसलिए फाइलेरिया की दवा का सेवन सभी लोगों के लिए लाभप्रद है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से मुक्ति के लिए दो तरह की दवा यथा डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की खिलाई जाएगी। अभियान के दौरान फाइलेरिया की दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। बल्कि इसे सभी ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर घर घर जाकर अपने सामने खिलाएंगे। इसके लिए लोगों में जागरूकता जरूरी है।

**पहले तीन दिन बूथ लगाकर खिलायी जाएगी दवा :** डॉ. शैलेंद्र कुमार ने कहा कि अभियान के विषय में जन-जागरूकता बढ़ाने में आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, जन वितरण प्रणाली, जीविका, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ व पीसीआई की अहम भूमिका होगी। सभी स्कूलों में अभियान को लेकर प्रभात फेरी के साथ प्रार्थना सभा में बच्चों को जागरूक किया जाना है। जिले में जीविका दीदियां अभियान के दौरान फाइलेरिया दवा के बारे में लोगों को अवगत कराएंगी। साथ ही, एमडीएम के तीसरे दिन सभी जीविका दीदियां स्वयं व अपने पूरे परिवार को दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए प्रथम तीन दिन स्कूल, आंगनबाड़ी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स, कॉलेजों व सरकारी संस्थानों में बूथ लगाकर दवाओं का सेवन कराया जाएगा। उसके बाद लगातार 14 दिनों तक घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी।

**अंगों में सूजन का आना फाइलेरिया की शुरूआती लक्षण :** डब्ल्यूएचओ के जोनल एनटीडी समन्वयक दीपांकर ने बताया कि फाइलेरिया को हाथीपांव रोग के नाम से भी जाना जाता है। बुखार का आना, शरीर पर लाल धब्बे या दाग का होना एवं शरीर के अंगों में सूजन का आना फाइलेरिया की शुरूआती लक्षण होते हैं। यह क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से फैलता है। आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लसीका प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है। फाइलेरिया से जुड़ी विकलांगता जैसे लिम्फेडेमा एवं हाइड्रोसील के कारण मरीज को इसके कारण आजीविका एवं काम करने की क्षमता प्रभावित होती है

बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार भारती, आईसीडीएस की डीपीओ रंजना कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी, डब्ल्यूएचओ के जोनल एनडीटी समन्वय, पीसीआई इंडिया के असिस्टेंट स्टेट प्रोग्राम मैनेजर अम्रेश कुमार जीविका डीपीएम चंदन कुमार, पीरामल डीटीएल शशि रंजन, पीरामल के वेक्टर जनित रोग के डीपीओ चंदन प्रसाद, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम मनीष कुमार, सभी पीएचसी के एमओआईसी, पीसीआई की डीएमसी व सीफार के प्रतिनिधि शामिल रहें।

## ब्रह्मपुर में किशोरी से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर परिजनों को धमकी दे रहा था आरोपी

- मामला दर्ज, फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी से एक शादीशुदा युवक पिछले कई दिनों से झांसा दे दुष्कर्म कर रहा था। किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद आरोपी उसकी मां को केस नहीं करने की धमकी देने लगा। लेकिन किसी तरह हिम्मत कर पीड़िता की मां ने मामला दर्ज कराया। मामले की जानकारी होते ही पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। इधर आरोपी फरार हो गया है। वहीं महिला पुलिस की अभिरक्षा में किशोरी का मेडिकल जांच करवाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार आरोपी और पीड़िता का घर आमने सामने है। उसके माता पिता दोनों खेत में मजदूरी करने चले जाते थे। दिन में किशोरी घर में अकेली रहती थी। इसी का फायदा उठा आरोपी युवक उसे झांसे में ले दुष्कर्म करने लगा। जिससे वह गर्भवती हो गई। जब इस बात की जानकारी पीड़िता की मां को हुई तथा उसने युवक के परिजनों से इसकी शिकायत की तो युवक समेत उसके परिजन उसे धमकाने लगे। हालांकि वह कितने महीने की गर्भवती है, इसकी जानकारी मेडिकल जांच होने के बाद ही मिल सकती है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी युवक फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वही ब्रह्मपुर में इस घटना की चर्चा पूरे दिन होते रही। लोग कई तरह की बातें कर रहे थे। वही लोग आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग भी करते सुने गए।

## ग्रामीणों ने बंद पड़े गैस गोदाम में चोरी करते चोर को पकड़ा

**चौसा।** सोमवार की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुर्कपुरवा गांव स्थित एक बंद पड़े गैस गोदाम में एक चोर चोरी कर रहा था। संयोग से ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ गई। हो-हल्ला के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। जब तक चोर अपने मंसूबे में कामयाब हो पाता उससे पहले ही उसे लोगों ने पकड़ लिया। पहले जमकर धुनाई की फिर बाद में उसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। चोर की पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के संजय राजभर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को बक्सर स्टेशन के प्लेफार्म संख्या दो के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र तकरीबन 50 वर्ष के आस पास है। तेज रफ्तार टेज्न की चपेट में आने से उसका शरीर कई टुकड़ो में कट गया था। जिसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी ने शव को इकट्ठा करवा पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही जीआरपी उसके शिनाख्त का प्रयास कर रही है। लेकिन उसके पॉकेट से मोबाईल या किसी तरह का पहचान पत्र नहीं मिला है। जिससे जीआरपी के लिए शव का पहचान करना मुश्किल हो रहा है। घटना अप लाईन में प्लेटफार्म संख्या दो के करीब पोल संख्या 660/39-41 की है। जानकारी के अनुसार वह एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज की बजाय सीधे टैज्क पार करने लगा। इसी दौरान अप लाईन से थ्रु टेज्न गुजरने लगी। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। जीआरपी थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है। फिलवक्त उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

### एक नजर

## मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भभुअर के पास नहर में मिली युवती की लाश, जांच में जुटी पुलिस



**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भभुअर गांव के समीप मंगलवार को नहर में एक 30 वर्षीय युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। शव देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसकी हत्या तीन चार दिन पहले की गई होगी तथा साक्ष्य छिपाने के लिए शव फेंक दिया गया होगा। ग्रामीणों की सूचना पर शव बरामद करने के बाद पुलिस उसके पहचान में जुट गई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। इस मामले में जानकारी देते हुए मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाया गया है। वही आस पास के थानों में उसकी तस्वीर को भेज पहचान का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि इस थाना क्षेत्र में पिछले साल से अबतक यह चौथी अज्ञात लाश बरामद हुई है। जिससे क्षेत्र में कई तरह की चचाएं हो रही है। वही शवों की शिनाख्त नहीं होने से स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे है। बता दें कि इसके पहले 6 मई 2022 को पवनी जरीगांव नहर के पास झाड़ी से एक युवती की लाश बरामद हुई थी। जिसकी पहचान अब तक नहीं की जा सकी है। वही 6 अक्टूबर 2022 को चौसा पंचायत सरकार भवन के पीछे स्थित नाले में एक युवक का शव मिला था। उसकी शिनाख्त भी नहीं हो पाई है। जबकि 7 जनवरी को चौसा चुन्नी मार्ग के किनारे झाड़ियों से एक 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद हुआ था। पिछले तीन शवों की पुलिस अभी शिनाख्त भी नहीं कर पाई थी कि मंगलवार को चौथा शव मिल गया।

## डुमरांव के अनुमंडलीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

**डुमरांव।** डुमरांव के अनुमंडलीय अस्पताल में लगभग दस महीने बाद रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें मरीजों के कल्याण से जुड़े कुल आठ प्रस्ताव पास हुए। इसमें अस्पताल के कई कमरों पर स्टाफ का अवैध कब्जा है। इसे हटाने और ताला खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, वेटिंग हॉल में मरीजों के बैठने की व्यवस्था में सुधार लाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा लेखापाल की कार्य पद्धति पर सवाल उठाते हुए उसके स्थानांतरण के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। समिति के सदस्यों की ओर से अल्ट्रासाउंड मशीन चालू नहीं रहने पर सवाल उठाया गया। जिस पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि इसका चार्ज डॉ. रश्मि सिंह को मिला था। लेकिन, लंबी छुट्टी पर चले जाने से चालू नहीं हो रहा है। सदस्यों ने प्रस्ताव लिया कि इसकी सूचना सीएस को देकर शीघ्र दूसरा डॉक्टर भेजने के लिए लिखा जाए। वहीं, अस्पताल की सुरक्षा में लगे होमगार्ड के जवानों का भुगतान आउटसोर्सिंग से करने का प्रस्ताव लिया गया। नप की ओर से कचरा का उठाव नहीं करने पर चेयरमैन व ईओ को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। बैठक में शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहनजी, डॉ. बालेश्वर सिंह, नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित कुमार, विमलेश कुमार व अन्य मौजूद थे।



### गुप्ता धाम से लौट रहे बाइक सवार पति-पत्नी व बेटे को ट्रक ने रौंदा, महिला जख्मी

# दुर्घटना में सिपाही व उसके बेटे की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रामदास टोला स्थित पेट्रोल पंप के समीप बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर सोमवार की रात रेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पुलिस जवान, उनकी पत्नी और बेटे को रौंद डाला। हादसे में जवान और उनके बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, जवान की पत्नी आशा देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उन्हें गंभीर स्थिति में पटना रेफर कर दिया गया। मृतकों में तीयर थाना क्षेत्र के हुलास टोला गांव निवासी पुलिस जवान 35 वर्षीय रविंद्र कुमार और उसके 12 वर्षीय पुत्र रोहन कुमार शामिल हैं। सिपाही रविंद्र कुमार गया जिले में पोस्टेड थे।



■ जख्मी पत्नी की हालत गंभीर, बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर



जवान के चचेरे भाई संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सावन की पांचवीं सोमवारी पर जल चढ़ाने घर के पांच लोग सोमवार की सुबह दो बाइक से गुप्ता धाम गये थे। उसमें एक बाइक पर रविंद्र कुमार, उसकी पत्नी और बेटे सवार थे। गुप्ता धाम में जलाभिषेक करने के बाद शाम में सभी ताराचंडी और शेरशाह का मकबरा घूमते हुए गांव लौट रहे थे। उसी क्रम में देर रात जगदीशपुर के रामदास के टोला स्थित पेट्रोल पंप के समीप भीषण हादसा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद जवान की पत्नी को पटना रेफर कर दिया। वहीं, पुलिस ने पिता-पुत्र के शव का पोस्टमार्टम कराया।

### तीनों को पीछे से रौंदते निकल गया ट्रक

संतोष कुमार ने बताया कि रात करीब नौ बजे सभी पीरो पहुंचे थे। पीरो बाजार पर सभी ने खाना खाया। उसके बाद सभी पीरो से गांव के लिए निकल गये। उस क्रम में जैसे ही वे लोग रामदास टोला स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक रविंद्र कुमार की बाइक को रौंदते निकल गया। इसके बाद परिजन द्वारा तीनों लोगो आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद आभा देवी की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर, जख्मी आशा देवी का तो पूरा संसार ही उजड़ गया। वो खुद भी अस्पताल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही हैं। अस्पताल की बेड पर पड़ी आशा देवी को शायद उसे इस बात का भान भी नहीं है कि उसके पति और बेटे इस दुनिया में नहीं रहे। इधर, पिता पुत्र की मौत से उनके घर में कोहराम मच गया। गुप्ता धाम के प्रसाद का इंतजार कर रहे घरवालों को देर रात बाप-बेटे की मौत की मनहूस खबर मिल गयी। घर में रोना-धोना मच गया। उधर, पापा-मम्मी और भाई की राह देख रही दोनों बेटियों सहित घर के सभी लोग बिलख पड़ी। जवान की मां भी दहाड़ मार कर रो रही थी।बताया जाता है कि रविंद्र कुमार की नौकरी वर्ष 2014 में हुई थी। रोहन कुमार अपने दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। रविंद्र कुमार के परिवार में मां रामझारो देवी, पत्नी आशा देवी, पुत्री ब्यूटी कुमारी और परी कुमारी है।

## शराब कारोबारी को 5 वर्ष की सजा

**जहानाबाद।** अनन्य विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय के विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार प्रथम की आदलत ने शराब कारोबार के आरोप में 5 वर्ष के साधारण कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 6 महीना के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामला अरवल जिले के परासी थाने का है जहां परासी थाना में पदस्थापित एएसआई फकीरा प्रसाद को सूचना मिली के लक्ष्मण कुमार उर्फ लक्ष्मण चौधरी ग्राम रामपुर वैना थाना परासी जिला अरवल अवैध रूप से शराब का कारोबार कर रहा है। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी के दौरान उसके पास से 500 लीटर का 22 पाउच कुल 11 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद किया था। जिसमें आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी। मामले की जानकारी विशेष उत्पाद लोक अभियोजक प्रमोद कुमार ने दी।

## हड़ताली आशा कार्यकताओं ने शहर में थाली बजाकर किया प्रदर्शन



**केटी न्यूज/अरवल**

आशा कार्यकर्ता संघ के आह्वान पर बीते 12 जुलाई से आशा अनिश्चित काल हड़ताल पर है। हड़ताल के 28 वां दिन क्रांति दिवस के मौके पर सदर अस्पताल से थाली बजाते हुए शहर के विभिन्न मार्ग होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। आशा कार्यकताओं ने कहा कि हड़ताल का 28 वां दिन हो गया, लेकिन सरकार अभी तक आशा कार्यकताओं की मांगों को लेकर वार्ता नहीं की। हमलोग को एक हजार प्रोत्साहित राशि दिया जाता है, महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुका है, जिससे एक सिलेंडर भी आशा नहीं खरीद पाती है।आशा कार्यकर्ता संघ के अध्यक्ष आशा कुमारी ने कहा कि चार घंटे ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकताएं काम करती हैं। जिसके लिए मासिक मानदेय के रूप में 10 हजार रुपए की मांग कर रही हैं। इस मौके पर भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य सुएब आलम, फैसिलिटेटर ललिता कुमारी, पूनम देवी, रेनू देवी, कांति देवी सहित काफी संख्या में आशा शामिल थी

## हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार देसी पिस्टल व तीन गोलियां बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज मोड़ के पास पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों के पास से एक देसी पिस्टल, तीन गोली, एक बाइक और दो मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में टाउन थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी अभिषेक कुमार और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटकी सनदियां गांव निवासी मंटू कुमार हैं। दोनों को गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

एएसपी चंद्रप्रकाश प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज मोड़ के पास ओपी इंचार्ज चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नियमित वाहन चालक की जा रही थी। तभी पुलिस को देख एक बाइक पर सवार दो लड़के भागने लगे। हालांकि पुलिस ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से हथियार और गोलियां बरामद की गयी। पूछताछ में पता चला कि दोनों किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। उसके लिए पिस्टल और गोली लेकर निकले थे। दोनों से हथियार के बारे में पूछताछ की जा रही है। फिलहाल यह पता लगाया जा है कि पिस्टल और गोली कहां से खरीदी है। पकड़े गए दोनों अपराधियों का अपराधिक इतिहास रहा है। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में पूर्व से केस दर्ज हैं। हथियार बरामदगी को लेकर दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और आपराधिक षड़यंत्र के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## स्कूल से घर लौट रही 9वीं की छात्रा को मनचलों ने मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित पूर्वी नवादा स्थित चुड़ी गली के पास मंगलवार की दोपहर बदमाशों ने स्कूल से घर लौट रही एक छात्रा को गोली मार दी। गोली छात्रा की कमर की बाएं ओर लगी है। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उसका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित निजी हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी छात्रा टाउन थाना क्षेत्र के महादेव मोहल्ला निवासी महेश गुप्ता की बेटी श्रेया कुमारी है। जो बीडी पब्लिक स्कूल में 9वीं की छात्रा है। इधर, दिनदहाड़े छात्रा को गोली मारे जाने की घटना से सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही एएसपी चंद्रप्रकाश पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर



पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की। आसपास के लोगों और छात्रा की सहेलियों से घटना की जानकारी ली। हालांकि फिलहाल छात्रा को गोली मारे जाने का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है।

घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए एएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की है। वहीं, छात्र की सहेली स्वीटी ने बताया कि बदमाश अक्सर छुट्टी के समय स्कूल के आसपास मंडराते रहते हैं और कमेंट भी करते हैं। बदमाशों नेदो दिन पूर्व में छात्रा को धमकी भी दी गयी थी। मंगलवार की दोपहर स्कूल की छुट्टी होने पर दोनों सहेलियां आपस में बातचीत करते घर जा रही थी। उस समय स्कूल के समीप चार की संख्या में तीन-चार की संख्या में लड़के खड़े थे। उनमें से एक बदमाश ने फायरिंग कर दी गयी। उसके बाद अन्य सहेली के साथ श्रेया को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। तब तक छात्रा के परिजन भी पहुंच गये और उसे इलाज के लिए बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल ले गये।












## भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने रिश्वत लेते रजिस्ट्रार कानूनगो को रंगेहाथ पकड़ा

**केटी न्यूज/बलिया**



भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोरखपुर टीम ने मंगलवार को तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगों को खतौनी में नाम चढ़ाने के लिए पीड़ित किसान से 2700 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसकी खबर मिलते ही तहसील में हड़कंप मच गया।एंटी करप्शन टीम ने कागजी करवाई के बाद सम्बंधित धाराओं में रिश्वतखोर रजिस्ट्रार कानूनगो को जेल भेज दिया। यह तहसील की 5 वर्ष बाद दूसरी घटना है।

जानकारी के अनुसार अतरौल ग्राम सभा निवासी सोना मौर्य पुत्र पतरु का खतौनी में सोना के जगह गलत नाम हीरालाल चढ़ गया था। खतौनी में सही नाम दर्ज करने के लिए सोना मौर्य द्वारा तहसील में दफा 38 का वाद दायर किया गया था। जिसकी फाइल तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो राघवेन्द्र सिंह को सही नाम दर्ज करने के लिए आदेशित किया गया था। पीड़ित किसान सोना मौर्य द्वारा रजिस्ट्रार कानूनगो से खतौनी में नाम दर्ज करने के मिला गया जिसमें रजिस्ट्रार कानूनगो राघवेन्द्र सिंह ने रुपये का मांग किया गया। इसके बाद सोना मौर्य ने 16 सौ रुपया दे दिया। इसके बाद भी रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा खतौनी में नाम दर्ज नही किया गया। कई महीने बार बार मिलने के बाद रजिस्ट्रार कानूनगो ने पुनः 2700 रुपये की मांग की गई।

पीड़ित किसान ने एंटी करप्शन टीम को फोन करके अपनी बात को बताया। इसके बाद मंगलवार को एंटी करप्शन टीम तहसील बिल्थरारोड पहुँच गयी और पीड़ित किसान सोना मौर्य द्वारा रजिस्ट्रार कानूनगो राघवेन्द्र सिंह को पूर्व में मांगी गई रिश्वत 2700 रुपये देते समय तहसील के रजिस्टार कानूनगो राघवेन्द्र सिंह निवासी अजनेरा हाथोज थाना खेजुरी को रंगे हाथ पकड़ लिया। रिश्वतखोर रजिस्ट्रार कानूनगो को गिरफ्तार कर थाना उभांव में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कराया। इसके उपरांत रिश्वतखोर रजिस्ट्रार कानूनगो को जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार दीक्षित, निरीक्षक उदय प्रताप सिंह, निरीक्षक सुबोध कुमार, उपनिरीक्षक नीरज कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी चंद्रभान मिश्र, चंद्रभान वर्मा, आरक्षी पंकज मौर्य, रूपेश कुमार सिंह, आनन्द कुमार यादव शामिल रहे। 5 वर्ष पूर्व 2017 नवम्बर में इसी तहसील के तहसीलदार हलहमद वशिष्ठ मौर्य को एंटीकरप्शन टीम ने पकड़ा था।

## 100 अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों का रूकेगा वेतन

**बलिया।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय समग्र शिक्षा विद्याभवन निशातगंज के आदेश के अनुपालन में खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकों द्वारा प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से किये गये निरीक्षण में 100 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये है। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों का अनुपस्थित तिथि का वेतन/मानदेय काटने का निर्देश दिया है। साथ ही सम्बंधितों से एक सप्ताह में अपनी अनुपस्थिति के सम्बन्ध में साक्ष्यमय स्पष्टीकरण खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बीएसए ने कहा कि विद्यालय अवधि में बगैर सूचना अनुपस्थित रहना, उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना तथा कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक है। साक्ष्यमय स्पष्टीकरण न मिलने की दशा में सम्बंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## दहेज हत्या के दो आरोपी धराए

**बलिया।** जनपद मुख्यालय स्थित शहर कोतवली प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह मय फोर्स ने धारा 498ए, 304बी भादवि व डीपी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अमित कुमार वर्मा उर्फ जैकी पुत्र विनोद कुमार वर्मा व विनोद कुमार वर्मा उर्फ मुन्ना पुत्र अनिरुद्ध प्रसाद (निवासी राजपूत नेवरी, थाना कोतवाली बलिया) को बेदुआ बन्धा के पास से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्तों को चालान न्यायालय कर दिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, हेड कॉन्स्टेबल राजेश कुमार यादव व प्रदीप कुमार, कॉन्स्टेबल पंकज कुमार सिंह व रामानुज सिंह शामिल रहे।







### खबरें फटाफट

#### बलिया में गंगा ने पार किया लाल निशान

**बलिया।** गंगा नदी की मचलती लहरों ने मंगलवार की शाम लाल निशान पार कर दिया। नदी का तेवर देख दुबेछपरा, गोपालपुर व उदयीछपरा के लोग बाढ़ के खतरा से सहम गये है। वहीं, किसानों की परवल फसल जलमग्न हो गयी है। गंगा नदी के जलस्तर में पिछले कई दिनों से उतार-चढ़ाव जारी था, जो सोमवार को चेतावनी विन्दु पार कर दिया। वहीं, मंगलवार की शाम पांच बजे नदी की लहरें गायघाट गेज पर लाल निशान पार कर दी। यहां खतरा विन्दु 57.615 मीटर है, जबकि शाम पांच बजे 57.660 मीटर रिकार्ड किया गया है। नदी में दो सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ाव जारी है।

#### डंपर की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत

**बलिया।** एनएच-31 पर स्थित हल्दी थाना क्षेत्र के परसिया गांव के सामने सोमवार की देर शाम कमांडर जीप पर सवार एक युवक की मौत डंपर की जद में आने से हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचवाया। वहीं दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। हल्दी थाना क्षेत्र के डांगरबाद बेलहरी निवासी अशोक यादव पीडब्ल्यूडी में कर्मचारी थे। सोमवार को वो आफिस से घर आने के लिए कमांडर जीप पर सवार हुए। एनएच पर स्थित परसिया गांव के समीप तेज रफ्तार आ रही डंपर की जद में कमांडर जीप के आने से हादसा हुआ।

#### नहर किनारे मिला अधेड़ का शव, मची सनसनी

**बलिया।** गड़वार-बलिया मुख्य मार्ग पर द होराइजन स्कूल के समीप नहर किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। खेत में काम कर रहे किसान ने नहर किनारे शव देखकर शोर मचाया व पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया। मृत व्यक्ति की पहचान पुलिस ने व्यक्ति के पास मौजूद आधार कार्ड व मोबाइल से नगरा थाना क्षेत्र के सरियांव मोनवी गांव निवासी तैरेज खान (44) वर्ष के रूप में की। वहीं मृतक के स्वजनों को सूचना दी। मृतक तैरेज खान अपने सरियाव गांव स्थित घर से बाइक से बलिया के लिए निकले थे कि गड़वार में बलिया मार्ग पर मृत पड़े मिले।

### आजादी का अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम को भव्य रूप देने की तैयारी

# आज गाजीपुर में सभी को दिलाई जाएगी पंच-प्रण की शपथः डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा - 2023 अभियान को भव्य एवं सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने समस्त विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। डीएम ने बताया है कि शासन की मंशा के अनुरूप ह्यह्यआजादी का अमृत महोत्सवह्लह्ल के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में मेरी माटी, मेरा देश नौ से तीस अगस्त एवं हर घर तिरंगा का कार्यक्रम तेरह से 15 अगस्त तक अभियान चलाया जाएगा। यह ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन सहभागिता कर मनाया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों सहित समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी, शिक्षकगण स्वंय सहायता समूहों एवं विभिन्न संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वयन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाते हुए ग्राम प्रधानों को शत प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, आगनबाड़ी केंद्रों, राशन की दुकानों, नलकूपों आदि पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया जाए तथा नगरीय एवं पंचायत स्तर पर लोगों को झंडा क्रय करने एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद प्रेरित किया जाए। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 2023 को पंच-प्रण की शपथ के संबंध में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि नौ अगस्त 2023 को समस्त ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, विकास खंडों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों सहित औद्योगिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों विद्यार्थियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों आदि को पंच- प्रण का शपथ दिलाई जानी है। जिलाधिकारी ने बताया कि शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में चलने वाले इस गरिमामयी कार्यक्रम के तहत प्रदेश में गांव से लेकर शहरों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों व नायकों के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाएंगी और उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिये जिन विभागों को जो जिम्मेदारी दी गयी हैं वे उसका पूरी पारदर्शिता, तन्मयता एवं संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगें।

**ये हैं अमृत काल के पंच प्रण :** मैं शपथ लेता हूं कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। मैं शपथ लेता हूॅ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। मैं शपथ लेता हूॅ कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा। मै शपथ लेता हूॅ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगा। मैं शपथ लेता हूॅ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि देश के गौरव के एिल प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूंगा।

## कपड़े की दुकान से हजारों रुपए के सामानों पर चोरों ने किया हाथ साफ



**केटी न्यूज/बलिया**

सिकन्दरपुर तहसील क्षेत्र के मालदा चट्टी पर स्थित रूबी रेडीमेड स्टोर नाम से कपड़े की दुकान से चोरों ने करीब 40 हजार कीमत के शर्ट टी शर्ट जींस लोअर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर दे दी है। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ओड़सरा सलेमपुर निवासी सद्दाम हुसैन अंसारी हर रोज की तरह सोमवार की शाम को अपनी दुकान बंद करके चला गया, मंगलवार की सुबह सद्दाम हुसैन को मालदा चट्टी के स्थानीय दुकानदारों द्वारा फोन आया कि आपके दुकान का ताला टूटा है और समान सारे बिखरे पड़े हैं।

खबर पाते ही आनन-फानन में सद्दाम मालदा स्थित अपने दुकान पर पहुंच गया जब गहनता से जांच किया तो लगभग 40000 के कीमत के शर्ट टी शर्ट जींस लोअर को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। पीड़ित दुकानदार ने मालदा चौकी तथा थाने पर चोरी की लिखित तहरीर दे दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मालदा चट्टी पर हो रही चोरियां का मुख्य कारण पुलिस की लापरवाही है।

## मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गरिफ्तार

**बलिया।** नरही थाना क्षेत्र के एक गांव में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। गांव में बालिका के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आते ही हड़कंप मच गया। आरोपी युवक भी उसी गांव का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। साथ ही, आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दी गई है। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी का माहौल है। घटना सोमवार की देर शाम की बताई जा रही है।

पीड़िता की मां के अनुसार, आरोपी उसकी 6 वर्षीय बेटी को उठा कर अपने पास के ट्यूबवेल पर ले गया था। जहां से बच्ची को गंभीर हालत में लाया गया है। बच्ची के शरीर से खून निकल रहा था। पीड़िता की मां ने कहा कि मेरी बच्ची को न्याय मिले। पुलिस जांच में जुट गयी है। थानाध्यक्ष नरहीं ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




### अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने काला पट्टी बांध कर जताया विरोध

# कार्यपालिका एवं न्यायपालिका का सम्मान करें स्कूल

**केटी न्यूज/बलिया**



प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सीबीएसई आईसीएसई बोर्ड उत्तर प्रदेश के आह्वान पर एवं आजमगढ़ में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं कक्षाध्यापक को तुरंत गिरफ्तार करने के विरोध में आरआरएस गुरुकुल एकेडमी जमालपुर कटघरा बंशी बाजार बलिया के प्रबंधक जय प्रताप सिंह गुड्डू सिंह, प्रधानाचार्य विजय गुप्ता उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार द्विवेदी एवं अन्य सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर व शिक्षण कार्य अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आजमगढ़ की छात्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया एवं उसे दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्रबंधक जय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि सभी निजी विद्यालयों को कार्यपालिका एवं न्यायपालिका का सम्मान करना चाहिए, परंतु जिस प्रकार से कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए एवं सीबीएसई की एडवाइजरी का पालन करते हुए विद्यालय के शिक्षक के द्वारा मोबाइल की जांच की गई वह किसी भी तरह से दंडनीय अपराध नहीं है । इसके बाद की घटना का विस्तृत विवरण तो उपलब्ध नहीं हो पाया। परंतु जिस प्रकार अभिभावक के दबाव में आकर प्रशासन ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं कक्षा अध्यापक को गिरफ्तार करके एकतरफा कार्रवाई की है, निश्चित रूप से वह न्याय संगत नहीं है। ऐसी दशा में अन्य विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य के द्वारा भी कर्तव्य निर्वहन में कठिनाई महसूस की जा रही है। निश्चित रूप से यह स्थिति शिक्षा जगत के लिए उचित नहीं है। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा विद्यालयों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए जाने चाहिए जिनका सही ढंग से पालन किया जाए और इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने पर शासन के द्वारा सम्यक रूप से जांच करके विवेचना के पश्चात ही संबंधित दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस प्रकार के सांकेतिक विरोध का मूल उद्देश्य है शासन के द्वारा समुचित तरीके से विवेचना के पश्चात ही दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए एवं निर्दोष लोगों पर दर्ज. अपराधिक मामले को निरस्त किया जाए।

## स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, विश्वकर्मा पूजा एवं बारावफात को देखते हुए आदेश जारी

# पर्व-त्योहारों को ले जनपद में धारा 144 लागू

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा इस साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 31 अगस्त को रक्षाबंधन, 07 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा तथा चन्द्र दर्शन के अनुसार मुस्लिम सम्प्रदाय का पर्व बारावफात 28 सितंबर को मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां सजाकर पूजा-अर्चना की जाती है। कहीं-कहीं पर मेले आदि का आयोजन भी होता है। जिसमें काफी भीड़-भाड़ होती है। वहीं, विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कारखाने व फैक्ट्रियों में विश्वकर्मा भगवान की झांकियां सजाकर पूजा-अर्चना की जाती है। मुस्लिम सम्प्रदाय (सुन्नी) द्वारा बारावफात को पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्म/निर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जगह-जगह पर मेले का आयोजन भी होता है, जिसमें काफी भीड़-भाड़ होती है। जिसको देखते हुए डीएम आर्यका अखौरी ने सकुशल एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने तथा कानून एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद में दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू किया है।




उक्त परिस्थितियों में लोक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जनहित में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं अरूण कुमार सिंह अपर जिला मजिस्ट्रेट गाजीपुर जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निम्नलिखित निषेधाज्ञा तात्कालिक प्रभाव से लागू करता हूँ। तात्कालिक आवश्यकता के महत्व को देखते हुए उक्त आदेश पारित करने के पूर्व आम नागरिकों को व्यक्तिगत या सामूहिक सूचना देकर सुनवाई के लिए पर्याप्त समय नहीं है। इस स्थिति में प्रश्नगत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। आदेश के किसी अंश का उल्लंघन भादवि की धारा 188 के अन्तर्गत दंडनीय अपराध होगा। उन्होंने बताया कि किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे, न गैर कानूनी सभा करेंगे तथा न ही ऐसे स्थान पर प्रदर्शन व अनशन आदि का आयोजन करेंगे, कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे सम्प्रदाय के धार्मिक स्थल के समीप ऐसी कोई गतिविधि जारी नहीं रखेगा, जिससे किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे और शान्ति व्यवस्था प्रभावित हो, कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, धारदार, हथियार, विस्फोटक पदार्थ, तेजाब या लाठी एवं बल्लम आदि और आक्रमण होने वाले अस्त्र लेकर नहीं चलेगा और न कोई ऐसा अस्त्र, किसी सार्वजनिक स्थान पर एकत्र करेगा और न प्रदर्शित करेगा। ऐसे वृद्ध अथवा अपंग जो बिना छड़ी/लाठी के नहीं चल सकते हैं तथा जो सरकारी कर्मचारी ड्यूटी आदि पर तैनात होंगे, वे इस प्रतिबंध से मुक्त होंगे। कोई भी समूह जुलूस या गिरोह बनाकर किसी सार्वजनिक वाहन या मार्ग पर सामान्य आवागमन में कोई अवरोध नहीं करेगा, न ऐसी चेष्टा ही करेगा और न ही समूह या जुलूस बनाकर सार्वजनिक मार्गों पर चलने वाले वाहनों या अन्य सरकारी जन समातियों की कोई तोड़-फोड़ करेगा या न उन्हे अन्य प्रकार से हानि पहुचायेगा, दो पहिया वाहनों पर एक साथ अधिकतम दो व्यक्ति ही चल सकेंगे, कोई भी व्यक्ति गलत खबरें या अफवाहें, जिससे शान्ति भंग होने की आशंका हो सकती व्यक्ति है, नहीं फैलायेगा और न किसी प्रकार ऐसी अफवाहों को किसी अन्य माध्यम से किसी दूसरे के पास भेजेगा।

## कच्चा मकान गिरा मलवे में दबकर तीन लोग घायल

**गाजीपुर।** सैदपुर थाने के पहला टोला ग्राम में बारिश के कारण रविवार की रात एक कच्चा मकान गिरने से दीपक यादव (18) पुत्र राजेश यादव, जयप्रकाश यादव (30) पुत्र अच्छेलाल यादव, सत्यप्रकाश यादव (28) पुत्र अच्छेलाल यादव घायल हो गए। घर में रखा गेंहू, चावल सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान गिरने तथा घायल होने की सूचना लेखपाल व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई।

मामले में समाजसेवी व कार्यकर्ता संतोष यादव ने बताया कि रात में बरसात होने से कच्चा मकान धराशायी हो गया। मकान में सोए तीनों युवक घायल हो गए। मकान गिरने की आवाज सुनकर आस- पास के लोगों ने घायलों को मलबे से बाहर निकाला तथा पास के चिकित्सालय में इलाज कराया।पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोग जीविकोपार्जन कर सकें।

## एक नजर

### आजमगढ़ में निजी विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं शिक्षक के खिलाफ एफआईआर का किया विरोध

**चंदौली।** आजमगढ़ में छात्रा की मौत के बाद प्रधानाचार्य व शिक्षक की गिरफ्तारी से आहत निजी विद्यालय संचालक मंगलवार को लामबंद नजर आए। एकजुटता का परिचय देते हुए जनपद के सभी निजी विद्यालयों को बंद रखा। इसके बाद जिला मुख्यालय पर कदमताल की और कलेक्ट्रेट पहुंचकर न्यायिक तहसीलदार सकलडीहा अनुपम मिश्रा को पांच सूत्री मांग-पत्र सौंपा। विदित हो कि आजमगढ़ गर्ल्स कॉलेज में एक छात्रा की बैग की तलाशी के दौरान मोबाइल पकड़े जाने पर विद्यालय परिसर में उसके द्वारा खुदकुशी कर लेने की घटना हुई। जिसके बाद पुलिस ने कालेज के प्रधानाचार्य व शिक्षक को जेल भेजने की कार्यवाही अमल में लाई, जिससे पूरे प्रदेश के शिक्षकों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि इस दुख की घड़ी में हम सभी लोग मृत बच्ची के परिजनों के साथ खड़े हैं, परन्तु इस घटना में विद्यालय की प्रधानाचार्या और शिक्षक को आरोपी बनाते हुए गम्भीर धाराओं में निरूद्ध कर जेल भेजने की कार्यवाही अनुचित है। वक्ताओं ने कहा कि आज किसी भी विद्यालय में छोटी-छोटी बातों पर अभिभावक शिक्षकों पर एफआईआर करने की धमकी देते हैं जिसका परिणाम यह है कि बच्चों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति सम्मान की भावना का निरंतर क्षरण होता जा रहा है। ऐसे वातावरण में शिक्षक आज बच्चों को कुछ भी कहने में डरते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि बच्चे ने यदि कोई भी गलत कदम उठा लिया तो सरकार या स्थानीय प्रशासन उन्हीं को दोष देगा। कहा कि स्वयं अभिभावक जो अपने बच्चों को समय नहीं देते, उनका ख्याल नहीं रखते और समय से पहले वह सभी संसाधन उपलब्ध करा देते हैं जिनकी बच्चों को कतई आवश्यकता नहीं और वह उनका दुरुपयोग करते हैं। कहा कि निजी विद्यालय संगठन यह मांग करते है कि घटना की सत्यता की जांच की जाए और यदि संबंधित व्यक्ति दोषी है तो अवश्य उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए, अन्यथा उसे तत्काल रिहा किया जाए। कहा कि शासन उन तमाम वस्तुओं के बाबत दिशा निर्देश जारी करे जिसे विद्यालय में लाना प्रतिबंध हो।



### गाजीपुर में चेतावनी बिंदु छूने को आतुर गंगा

**गाजीपुर।** गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से किनारे बसे लोगों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। लगातार चार दिनों से गंगा का जल स्तर बढ़ाव पर है। मंगलवार को गंगा नदी चेतावनी बिंदु के बिल्कुल पास पहुंच चुकी हैं और खतरा बिंदु से नीचे बह रही हैं। पिछले 24 घंटे से जलस्तर दो से तीन सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। बाढ़ विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार की सुबह गंगा का जलस्तर 61.370 मीटर रिकॉर्ड किया गया। बताते चलें कि गंगा का सामान्य जलस्तर 59.906 मीटर होता है। चेतावनी बिंदु 61.550 मीटर, खतरा बिन्दु 63.105 मीटर तथा बाढ़ का उच्च स्तर 65.220 मीटर निर्धारित है। पिछले सालों में आई बाढ़ पर एक नजर डालें तो वर्ष 2019 में बाढ़ का उच्च जलस्तर 64.530 मीटर, वर्ष 2021 में बाढ़ का उच्च जलस्तर 64.680 मीटर तथा वर्ष 2022 में बाढ़ का उच्च जलस्तर 64.390 मीटर रहा है। उधर गंगा नदी में बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इसे लेकर हाल ही में डीएम की अध्यक्षता में जनपद के अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें बाढ़ के खतरे को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बाढ़ग्रस्त इलाकों के उप जिलाधिकारियों, पुलिस अफसरों, थानाध्यक्षों तथा बाढ़ विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वह अभी से नावों की व्यवस्था करने के साथ ही बाढ़ राहत केंद्रों पर सारी व्यवस्था दुरुस्त कर लें।

## सिक्स लेन की सड़क के कार्य में लाएं तेजी : डीएम

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिलाधिकारी निखिल टीका राम फुंडे की अध्यक्षता में शासन की विकास प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यक्रमों के 37 बिंदुओं की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान सड़कों का निर्माण चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण का कार्य लक्ष्य के अनुसार निर्माण कार्य समय अंतर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराए जाने के निर्देश अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को दिए। पड़ाव से चकिया तिराहा वाया मुगलसराय 6 लेन सड़क निर्माण में तेज प्रगति लाने के निर्देश भी दिए।



जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि गड्ढा मुक्ति हेतु सड़कों का सर्वे करा लिया जाए एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। गोवंश आश्रय स्थल की समीक्षा के दौरान गलत डाटा पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि अगली बैठक में गलत डाटा पाया जाएगा तो निश्चित कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत गोवंश को आश्रय स्थलों में संरक्षित करें पर्याप्त चारा-पानी एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। सहभागिता योजना अंतर्गत लाभार्थियों का नियमित एवं समय से भुगतान सुनिश्चित करें। लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पशुओं की ईयर टैगिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश पशु चिकित्साधिकारी को दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पतालों का संचालन किसी भी दशा में नही होना चाहिए। सबको नोटिस जारी कर रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। फिर भी जो लोग नही मानते है उन सभी के अस्पतालों को सीज करने की कार्यवाही करें। अगर ऐसा करने में कोई व्यवधान पैदा कर रहा है तो तुरंत अवगत कराएं।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित किया जाए। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर द्वारा किए गए स्कूलों को स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग द्वारा रैंडम दोबारा जांच किया जाए। स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। चिकित्सक बाहर की दवाइयां कत्तई न लिखें। कहा कि कोटे की रिक्त व निलंबित दुकानों को नियमानुसार त्वरित बहाली के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए।

## कृषि कार्यों एवं उत्पादन में वसूली करने वाले इलिया थानाध्यक्ष के खिलाफ किसानों ने की कार्रवाई की मांग


**केटी न्यूज/चंदौली**

जिले के विभिन्न किसान संगठनों के लोगों ने संयुक्त रूप से मंगलवार को एसपी अनिल कुमार और डीएम निखिल टीका राम फूंडे को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान लोगों ने इलिया थानाध्यक्ष सत्येंद्र विक्रम सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आरोप लगाया कि कृषि कार्य के लिए जा रहे किसान के ट्रैक्टर का थानाध्यक्ष ने पांच हजार का चालान काट दिया। लोगों ने चेताया कि चालान को वापस नहीं लिया गया तो किसान संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। हालांकि किसानों से वार्ता के बाद एसपी डा. अनिल कुमार ने चालान वापस करने का फरमान जारी कर दिया।

इस दौरान किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के मनमन सिंह ने अफसरों को बताया कि सात अगस्त को किसान विकास मंच के अशोक द्विवेदी ट्रैक्टर ट्राली पर मजदूरों को लेकर धान की रोपाई करवाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ते में इलिया थानाध्यक्ष सत्येंद्र विक्रम सिंह ने ट्रैक्टर का पांच हजार रुपए का चालान काट दिया। जबकि शासन स्तर से कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर को अन्य वाहनों से अलग छूट दिया गया है। कहा कि थानाध्यक्ष द्वारा जानबूझकर ऐसा कृत्य किया गया है। इससे किसान संगठनों में थानाध्यक्ष की कार्यशैली को लेकर काफी आक्रोश व्याप्त है। कहा कि मामले की उच्चाधिकारियों के द्वारा गहनता पूर्वक जांच कराना आवश्यक है। इसके अलावा किसान के ट्रैक्टर का काटा गया चालान भी वापस किया जाय। वरना किसान संगठन लामबंद होकर थानाध्यक्ष के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होगे। इस दौरान राधेश्याम पांडेय, जय सिंह, रामअवध सिंह, सुरेश मौर्य, कृष्णानंद सिंह, विजयकांत, निरंजन पाल मौजूद रहे।










## जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ने की विभागों की समीक्षा, कहा-

# किसान सम्मान निधि योजना की मॉनिटरिंग करें

**केटी न्यूज/मऊ**

मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सहायक अभियंता लघु सिंचाई ने बताया कि राज भूजल संरक्षण मिशन में 95 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो गया है। शेष कार्य जल्दी पूर्ण करा लिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड ने बताया कि कुल तीन नई सड़कों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। मुख्य विकास अधिकारी ने शीघ्र ही कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। ओडीआर/एमडीआर के तहत निर्मित होने वाले सड़कों की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए शीघ्र ही सड़कों के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को



दिए। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ओपन सोर्स डाटा के 4320 किसानों का सत्यापन अभी भी लंबित होने पर जिला कृषि अधिकारी को इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसान सम्मान निधि योजना में प्रतिदिन मानिटरिंग करें एवं जितने प्रकरण लंबित हैं उसका जल्द से जल्द निस्तारण कराएं।

मुख्य विकास अधिकारी ने भूलेख सत्यापन से संबंधित सारे अवशेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा सके। निराश्रित गोवंश संरक्षण की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को गौशाला में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए एवं निरीक्षण के उपरांत गौशालाओं में कितनी गायें हैं इसकी सूचना पोर्टल पर भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त गोआश्रय स्थलों एवं बाढ़ के दृष्टिगत विस्थापित पशुओं हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा एवं हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए। मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागीता योजना में गत माह की उपलब्धि में डाटा गलत फिट होने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रत्येक विभाग को इसमें सतर्कता रखते हुए सही डाटा का अंकन करने की चेतावनी दी गई।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में चिकित्सकों की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य केंद्रों पर ड्यूटी निर्धारित करने एवं चिकित्सकों की कमी को देखते हुए शासन से पत्राचार कर चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। जनपद में गोल्डन कार्ड बनने की स्थिति की समीक्षा के दौरान उन्होंने विशेष प्रयास कर छूटे हुए लोगों का गोल्डन कार्ड बनाने को कहा।

## शराब के अवैध कारोबार को लेकर की कार्रवाई

**मऊ।** अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन भंडारण के विरुद्ध आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं उप आबकारी आयुक्त आजमगढ़ तथा जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम के निर्देशन में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को प्रातः आबकारी निरीक्षक बजरंगी चौरसिया विमलेश यादव समेत आबकारी विभाग की टीम द्वारा तहसील के ग्राम एकदंगा स्थित ईट भट्ठा पर टीम ने दबिश दिया। दबिश के दौरान 80 लीटर कच्ची शराब एवं 700 किग्रा लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया ।छापामारी के दौरान तीन युवक बिसारिया, सरिता, शिवानी को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई। इस बाबत पूछे जाने पर आबकारी निरीक्षक बजरंगी चौरसिया ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आज ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाएं: व्यापार मंडल

**केटी न्यूज/मऊ**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद मऊ के जिला अध्यक्ष उमाशंकर ओमर के दिशा निर्देशन में जनपद के 2 व्यापारिक इकाइयों द्वारा वृक्षारोपण के कार्यक्रम को मूर्त रूप दिया गया। जनपद के नदवां सराय बाजार एवं भिखारीपुर बाजार की व्यापार मंडल इकाई के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत दोनों बाजारों में आम, पीपल आदि का वृक्ष लगाया।

इस अवसर पर व्यापार मंडल नदवांसराय के अध्यक्ष व युवा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद बरनवाल ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए



पौधारोपण बहुत ही जरूरी है। वृक्ष की कमी के चलते हम लोग ग्लोबल वार्मिंग के दौर से गांव से गुजर रहे हैं। प्रकृति के खामियाजा भी भुगतने पड़ रहे हैं। इसलिए प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से हमें वनों की रक्षा करनी है। तथा अधिकाधिक पेड़ लगाए जाने की आवश्यकता है।

## शिव मंदिर में भक्तों ने सजाई झांकी

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर में सोमवार की रात्रि मंदिर समिति तथा भक्तों द्वारा भगवान शिव के विभिन्न रूपों में झांकी सजाई गई। भक्तों ने देर रात्रि में मंदिर पहुंचकर काशी के कोतवाल के रूप में भगवान शिव का भव्य श्रृंगार की पूजा उपासना की। इसके पश्चात आरती कर हर हर महादेव के नारे लगाते हुए लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर खचाखच भीड़ से भरा रहा तथा लोगों ने कहा कि सावन के पवित्र महीने में जो भी भक्तगण विधि विधान से भगवान शिव की पूजा उपासना करते हैं उनके परिवार में सुख समृद्धि परिवार के दीघार्यु तथा लोगों के मन मस्तिष्क में भगवान शिव का वास होता है। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी मुकुंद पाठक एवं मंदिर समिति के सदस्यगण मौजूद रहें।







